प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के 34 लाख विद्यार्थियों को मिलेगी राज्य छात्रवृत्ति

चर्चा में क्यों

15 जून, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष प्रदेश में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले पिछड़ा वर्ग के 34 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि प्रदेश में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के लिये पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ 34 लाख विद्यार्थियों को दिलाया जाएगा।
- विभाग ने योजना के लिये इस वर्ष बजट में 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। विभाग ने पिछले वर्ष 2022-23 में इस योजना में 222 करोड़ रुपए की राशि, राज्य छात्रवृत्ति के रूप में खर्च की थी।
- योजना में इन वर्गों के उन विद्यार्थियों को राज्य छात्रवृत्ति का फायदा दिया जाता है, जिनके अभिभावक की आय, आयकर की सीमा में नहीं आती है।
- गौरतलब है कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये तीन महान व्यक्तियों के नाम पर पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है।
- योजना में चयनित समाज सेवियों को शहीद अशफाकउल्ला खां, कैप्टन हमीद खां और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।
- योजना के क्रियान्वयन के लिये विभाग ने वर्ष 2023-24 में 47 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया है।
- पुरस्कारस्वरूप चयनित व्यक्ति को एक लाख रुपए की राशि सम्मानस्वरूप प्रतीक-चिन्ह के साथ भेंट की जाती है।
- राज्य शासन ने यह पुरस्कार योजना वर्ष 2011-12 से प्रारंभ की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-scholarship-will-be-given-to-34-lakh-backward-class-students-in-the-state